राजस्थान में बारिश की चेतावनी

चर्चा में क्यों

हाल ही में **भारत मौसम विज्ञान विभाग** ने **जयपुर, अजमेर, अलवर** और **उदयपुर** समेत पूर्वी राजस्थान के कई ज़िलों में बारिश का **येलो अलर्ट** जारी किया है

प्रमुख बिंदु

- **कलर कोडेड (रंग के आधार पर कूटबद्ध) अलर्ट**
  - **ग्रीन अलर्ट:** इसका अर्थ है **'कोई चेतावनी नहीं',** हल्की से मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान, जो **15.6 मिमी से 64.4 मिमी तक** हो सकता है।
  - **येलो अलर्ट**: इसका अर्थ है **'निगरानी', इसमें 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक** भारी वर्षा की संभावना होती है ।
  - **ऑरेंज अलर्ट**: इसका अर्थ है **'अलर्ट',** जो **115.6 मिमी से 204.4 मिमी तक** बहुत भारी वर्षा का संकेत देता है।
  - **रेड अलर्ट**: **'चेतावनी' का संकेत** देता है, जिसमें **204.5 मिमी से अधिक** भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।
- **पूर्वानुमान में उन्नयन:** भारत का मौसम विभाग स्थानीय और चरम मौसम पूर्वानुमानों को अधिक सटीकता के साथ बेहतर बनाने के लिये महत्त्वपूर्ण उन्नयन के लिये तैयार है।
  - **नया मिशन** : कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपए के बजट वाला एक नया मौसम पूर्वानुमान मिशन **जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जो** **मानसून मिशन, 2012** से काफी बड़ा होगा।
  - इसमें भारत के लिये सटीक कंप्यूटर सिमुलेशन मॉडल विकसित करने और जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों पर ध्यान देने पर ज़ोर दिया जाएगा।
  - इस मिशन के तहत **डॉप्लर रडार** जैसे परिष्कृत उपकरणों के प्रयोग को बढ़ाया जाएगा और मौसम पूर्वानुमान में **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)/मशीन लर्निंग (ML)** को **एकीकृत** किया जाएगा।
  - भारत के पास तीन मौसम संबंधी उपग्रह **(INSAT-3D, INSAT-3DR और INSAT-3DS) हैं,** जिनमें बेहतर पूर्वानुमानों के लिये उच्च-रिज़ॉल्यूशन डेटा प्रदान करने के लिये नेक्स्ट जेनरेशन की **INSAT-4 शृंखला** विकसित की जा रही है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)

- **IMD** की स्थापना वर्ष **1875** में हुई थी। यह देश की **राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा** है और मौसम विज्ञान तथा संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
  - यह भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की एक एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
  - इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।
  - IMD **विश्व मौसम विज्ञान संगठन** के **छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों** में से एक है।
- **नियम और ज़िम्मेदारियाँ:**
  - मौसम संबंधी अवलोकन तथा कृषि, सिंचाई, नौवहन, विमानन, अपतटीय तेल अन्वेषण आदि जैसी मौसम-संवेदनशील गतिविधियों के इष्टतम संचालन के लिये वर्तमान और पूर्वानुमानित मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करना।
  - **उष्णकटिबंधीय चक्रवातों**, नॉरवेस्टर, **धूल के तूफान**, भारी बारिश और हिम, ठंड और **गरम लहरों (हीट वेव)** आदि जैसी गंभीर मौसम संबंधी घटनाओं के विरुद्ध चेतावनी देना, जो जीवन और संपत्ति के विनाश का कारण बनते हैं।
  - कृषि, जल संसाधन प्रबंधन, उद्योग, तेल अन्वेषण और अन्य राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिये आवश्यक मौसम संबंधी आँकड़े उपलब्ध कराना।
  - मौसम विज्ञान और संबद्ध विषयों में अनुसंधान का संचालन और संवर्द्धन करना।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rain-warning-in-rajasthan